हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शनिवार, 19 अप्रैल 2025

11 हर्षोल्लास से स्वामी अचलानन्द गिरि का...



12 प्रियंका चुनी गईं मिस फेयरवेल



# खेतों में आग लगने से फसल राख, बंद के बावजूद बिजली लाइन में कैसे हुई स्पार्किंग, बड़ा सवाल

## खफा किसानों ने जिम्मेदार अधिकारियों पर की कार्रवाई की मांग, अधिकारी बोले : जांच करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद/भूना

खेतों में पीला सोने पककर तैयार है। जैसे ही गेहूं कटाई का काम शुरू हुआ है, वैसे ही जिले में खेतों में आग लगने की घटनाएं भी शुरू हो गई है। बुधवार को गांव समैण में 12 किसानों की 28 एकड़, ठरवीं गांव में 3 एकड़ तथा जाखल के गांव कासिमपुर में 12 एकड़ फसल व 138 एकड़ भूसा जलकर राख हो गया। वीरवार को ढाणी रूपनगर में 15 एकड़ गेहूं तथा शुक्रवार को गांव रहनखेड़ी में 28 एकड़ फसल जलकर स्वाह हो गई। आगजनी का कारण बिजली की तारों में हुआ शार्ट सर्किट व ट्रांसफार्मरों में हुई स्पार्किंग बताया गया है। किसानों का कहना है कि जब सभी गांवों में बिजली सप्लाई बंद है तो ऐसे में इस लाइन को क्यों चालू रखा गया था। बिजली लाइन चालू होने के कारण ही खेतों में आग लगी है और किसानों की पूरी मेहनत पर पानी फिर गया है। किसानों ने कहा कि पिछले साल भी यहां ऐसी ही लापरवाही के कारण खेतों में आग लगी थी। किसानों ने मांग की है कि इस लापरवाही के लिए जिम्मेवार अधिकारियों पर कार्रवाई कर किसानों के नुकसान की भरपाई की जाए।





भूना। रहनखेड़ी गांव के गेहूं के खेतों में लगी आग को काबू करते ग्रामीण और आग के बाद स्वाह हुई फसल। फोटो : हरिभूमि

### शॉर्ट सर्किट हुआ या नहीं जांच में होगा स्पष्ट : एसडीओ

विद्युत निगम के उपमंडल अधिकारी विजय कुमार ने बताया कि किसानों का आरोप है कि 33 केवी बिजली की तारे आपस में टकराने से शॉर्ट सर्किट हुआ और चिंगारी से गेहूं की फसल में आग लगी है। उपरोक्त बिजली लाइन दिगोह 33 केवी बिजली घर को सप्लाई देती है, परंतु शॉर्ट सर्किट हुआ या नहीं इस पर हमारी जांच चल रही है।

मिली जानकारी के अनुसार भूना के गांव रहनखेड़ी के खेतों में शुक्रवार सुबह 33 केवी बिजली की तारों से उठी चिंगारी के कारण आग लग गई। किसानों ने फायर ब्रिगेड और डायल 112 को फोन किया, लेकिन फायर ब्रिगेड आने से पहले आसपास के किसानों ने आग के चारों तरफ खेतों की ट्रैक्टर से जुताई कर आग को आगे फैलने से रोका। किसान ऐसा नहीं करते तो आग और ज्यादा खेतों तक पहुंच जाती और नुकसान बहुत ज्यादा हो जाता। रहनखेड़ी गांव के गुरुद्वारा में मुनियादी करवाई गई और हरपाल सिंह के खेत में आग की सूचना दी तो बड़ी संख्या में किसान आ गए और पानी के ड्रम की सहायता से आग को बुझाने में जुट गए। इसके बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची, लेकिन तब तक आग के कारण 18 एकड़ फसल जल चुकी थी। रहनखेड़ी गांव के बाबा बक्शीश सिंह व सरदार गुरविंदर सिंह बराड़ ने बताया कि शॉर्ट सर्किट से किसान हरपाल सिंह की 8 एकड़, किसान करतार सिंह की 8 एकड़,किसान तरसेम सिंह की डेढ़ एकड़ और किसान गुरमीत सिंह की एक एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल आग के कारण पूरी तरह से जल गई।

### राजस्व विभाग व फायर ब्रिगेड तथा किसानों के अलग-अलग आंकड़े

रहनखेड़ी गांव में शॉर्ट सर्किट से गेहूं की फसल में लगी आग के बाद राजस्व विभाग व फायर ब्रिगेड तथा किसानों ने अलग-अलग नुकसान के आंकड़े प्रस्तुत किए हैं। आगजनी की सूचना मिलने के बाद बिजली निगम एसडीओ विजय कुमार, एग्रीकल्चर विभाग के धर्मबीर सिंह तथा राजस्व विभाग के पटवारी शिवकुमार ने मौके पर पहुंचकर गेहूं की फसल में लगी आग को लेकर निरीक्षण किया। आग के कारण किसान 20 एकड़ के लगभग आगजनी और ट्रैक्टरों से फसल नष्ट होने की बात कह रहे है। फायर ब्रिगेड कर्मियों ने साढ़े 18 एकड़ गेहूं की फसल आग की चपेट में आने और ट्रैक्टरों से नष्ट होने से संबंधित रिपोर्ट अंकित की है जबकि राजस्व विभाग के पटवारी शिवकुमार ने अपनी जांच पड़ताल के बाद 13 एकड़ गेहूं की फसल जलने की रिपोर्ट दर्ज की। ऐसे में किसान, फायर ब्रिगेड तथा पटवारी की रिपोर्ट का आपस में एक-दूसरे से मिलान नहीं हो रहा है।



फतेहाबाद। समैण में आग से जली फसल का जायजा लेते सांसद सुभाष बराला।

### सांसद बराला ने किया निरीक्षण, हरसंभव मदद का आश्वासन

फतेहाबाद। जिले के टोहाना क्षेत्र के गांव समैण में आग लगने से नष्ट हुई गेहूं की फसल का राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने शुक्रवार को मौके पर जाकर जायजा लिया। सांसद ने एसडीएम टोहाना से फोन पर बात की। उन्होंने किसानों की हर संभव मदद का आश्वासन दिया। बराला ने कहा कि सरकार किसानों के साथ है। नुकसान की भरपाई सरकारी नियमों के अनुसार की जाएगी। बता दें कि बुधवार को गांव समैन के ललोदा रोड पर खेतों में लगी आग से 28 एकड़ गेहूं की फसल और 30 एकड़ में रखा भूसा पूरी तरह नष्ट हो गया था। किसानों से बात करते हुए राज्यसभा सांसद ने कहा कि यह एक अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। किसानों की गेहूं की फसल जलकर राख हो गई है। हालांकि यह संतोष की बात है कि इस घटना में कोई जनहानि या पशु हानि नहीं हुई, परंतु कटी हुई फसल के साथ-साथ पशुओं के चारे का भी बड़ा नुकसान हुआ है। कुछ किसानों ने ठेके पर जमीन लेकर फसल बोई थी, जिनका आर्थिक नुकसान हुआ है। उन्होंने एसडीएम और अन्य प्रशासनिक अधिकारियों से बातचीत की है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि किसानों को शीघ्र और उचित मुआवजा मिले। उन्होंने कहा कि वह स्वयं भी केंद्र व राज्य सरकार से पत्राचार कर अधिकतम राहत दिलाने का प्रयास करेंगे। सरकार से आग्रह किया जाएगा कि भविष्य में इस प्रकार की आपदाओं की भरपाई के लिए एक स्थायी नीति बनाई जाए ताकि किसानों को समय पर सहायता मिल सके।

### किसान नेता भी मौके पर पहुंचे

भारतीय किसान यूनियन नैन के प्रदेशाध्यक्ष जोगिंदर नैन भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि टोहाना सहित प्रदेश के कई हिस्सों में गेहूं की फसल में आग लगने की घटनाएं हुई हैं। किसान नेता ने सरकार से गिरदावरी करवाने और उचित मुआवजा देने की मांग की है। उन्होंने बताया कि कई किसानों ने ठेके पर जमीन ली हुई है। किसानों की आजीविका पूरी तरह खेती पर निर्भर है। प्रभावित किसानों ने जिला उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर भी मदद की गुहार लगाई है।



सिरसा। सीएम फ्लाइंग टीम गोदामों का निरीक्षण करती।

## सीएम फ्लाइंग की गोदामों में रेड

# एक फर्म को लगाया 96 हजार रुपये का जुर्माना

सिरसा। सीएम फ्लाइंग टीम ने मार्केट फीस चोरी कर गोदामों में गेहूं भरने की सूचना के बाद शुक्रवार को सिरसा में औचक निरीक्षण किया। सीएम फ्लाइंग की इस कार्रवाई से व्यापारियों में हड़कंप मच गया। टीम ने कारगिल इंटरनेशनल सीड्स के गोदाम का निरीक्षण किया तो वहां बीज के अलावा 660 क्विंटल गेहूं का स्टॉक मिला जो मार्केट कमेटी के रिकार्ड में दर्ज नहीं था। टीम ने फर्म संचालक को 96 हजार 223 रुपये का जुर्माना लगाया है। उल्लेखनीय है कि दो दिन पहले कालांवाली मंडी में भी मार्केट फीस चुराकर अवैध भंडारण के मामले में कई गोदामों का निरीक्षण कर लाखों का जुर्माना लगाया गया था।

### गेहूं की जमाखोरी का पता लगाएगी

सीएम फ्लाइंग की टीमें शहर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित गोदामों पर रेड कर गेहूं की जमाखोरी का पता लगाएगी। इसके बाद बरामद गेहूं के हिसाब से व्यापारी पर जुर्माना किया जाएगा। सीएम फ्लाइंग टीम में सब इंस्पेक्टर राजेश कुमार, एएसआई सुरेंद्र कुमार,हवलदार जितेंद्र कुमार शामिल हैं। सीएम फ्लाइंग ने निरीक्षण के लिए मार्केट कमेटी सचिव वीरेंद्र मेहता, डीएमईओ राहुल कुंडू का सहयोग भी लिया। शाम तक सीएम फ्लाइंग की कार्रवाई जारी थी। बता दें कि जिला में गेहूं की बंपर पैदावार हुई है। मोटा मुनाफा कमाने के लिए व्यापारियों द्वारा गेहूं की जमाखोरी की जा रही है।

■ मार्केट फीस चोरी कर गोदामों में भरी जा रही है गेहूं, टीम ने खंगाला रिकॉर्ड

इसका असर अनाज मंडियों में गेहूं की आवक पर पड़ा है। बंपर पैदावार के बावजूद अनाज मंडियों में बहुत कम गेहूं की आवक हो रही है। व्यापारी मार्केट फीस की चोरी करते हुए किसानों से सीधा गेहूं खरीद रहे हैं। इससे सरकार को करोड़ों रुपये का नुकसान हो रहा है। हरियाणा सरकार गेहूं की खरीद पर 2 प्रतिशत मार्केट फीस और 2 प्रतिशत एचआरडीएफ यानी हरियाणा रूरल डेवलपमेंट फंड लेती है। यह कुल मिलाकर 4 प्रतिशत फीस होती है। यदि कोई व्यापारी किसान से गेहूं खरीदता है तो उसे सरकार को मार्केट फीस और एचआरडीएफ देना होता है।

## खबर संक्षेप

### सिरसा में ट्यूबवेल से हजारों की केबल चोरी

सिरसा। शहीद निशान सिंह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भावदीन में घुसकर चोरों ने सबमर्सिबल मोटर की हजारों रुपए की केबल चोरी कर ली। स्कूल के प्रधानाचार्य रतन सिंह ने बताया कि 16 अप्रैल को विद्यालय का माली हर्बल पार्क में सबमर्सिबल ट्यूबल से चार एकड़ दूर पानी लगा रहा था। इसी दौरान ट्यूबवैल बंद हो गया। जब पास जाकर देखा तो पाया कि चोरों द्वारा करीब 40 फीट लंबी दोनों केबल काटकर चोरी कर ली गई है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 10 को

सिरसा। हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 10 मई को न्यायालय परिसर सिरसा, उपमंडल न्यायालय परिसर डबवाली एवं ऐलनाबाद में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला ने बताया कि राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार समय-समय पर लोक अदालतों का आयोजन किया जाता है।

## पैसे डबल करने का झांसा देकर लगाई दस हजार रुपये की चपत

सिरसा। पैसे दोगुना करने का सांझा देकर एक व्यक्ति से दस हजार रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। ठगों ने बंद लिफाफे में 100-100 के नोटों की गड्डी बना रखी थी और उसमें दो-दो नोट ही असली थे, जबकि बाकी फोटोकॉपी थी। राजस्थान के हनुमानगढ़ निवासी नरेश ने पुलिस को बताया कि वह खेतीबाड़ी करता है। 15 से 20 दिन पहले बस स्टैंड सिरसा के बाहर खड़ा था। वहां पर एक व्यक्ति मिला, जिसने अपना नाम विजय कुमार बताया। उसने कहा कि वह और उसका साथी जींद से बिघाना निवासी ईश्वर सिंह लोगों को हमारी कंपनी ज्वॉइन करवाकर रुपए मौके पर ही दोगुना करके दे देते हैं।

**यूं लिया झांसे में:** नरेश ने बताया कि आरोपी के व्हाटसअप नंबर पर काल की तो कहा कि तुम रुपए लेकर सिरसा आ जाओ, हम तुझे दो गुणा रुपए दे देंगे। वह सिरसा के महाराणा प्रताप चौक के बीच में पेट्रोल पंप के सामने पहुंचा तो सडक़ पर गाड़ी खड़ी थी जिसमें कंडक्टर सीट पर विजय बैठा था। नरेश ने बताया कि विजय ने बताया कि यह उसका दोस्त ईश्वर सिंह है। उसने 10 हजार विजय को दिए और विजय ने हाथ में लिए बैग से 100-100 के नोटों की दो गड्डी लिफाफा में डालकर उसे दी और चले गए। कुछ देर बाद उन 100-100 की गड्डी को चेक किया तो ऊपर के दो-दो नोट ही सही थे बाकी फोटोकॉपी मिले। बाद में नरेश ने सिविल लाइन थाना शिकायत दर्ज करवाई।

### आईटीआई में रोजगार मेला 21 अप्रैल को

फतेहाबाद। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भोडिया खेड़ा के प्रधानाचार्य रमेश कुमार ने बताया कि 21 अप्रैल को सुबह 10 बजे राजकीय आईटीआई, भोडिया खेड़ा में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा जिसमें हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड नीमराना, राजस्थान व आरएस सर्विस प्वाइंट फतेहाबाद कंपनी के प्रतिनिधि आईटीआई, 10वीं व 12वीं के पास छात्रों को अप्रेंटिसशिप/प्लेसमेंट चयन हेतू उनका साक्षात्कार लेंगे। उन्होंने बताया कि चयनित आईटीआई पास छात्रों को 19488 रुपये प्रतिमाह तथा 10वीं व 12वीं कक्षा के पास छात्रों को 14606 रुपये प्रतिमाह वेतनमान दिया जाएगा।

## डबवाली: महिला पुलिस ने सिखाया मनचलों को सबक



सिरसा। मनचलों को सबक सिखाते महिला पुलिस। फोटो : हरिभूमि

डबवाली। महिला पुलिस थाना ने गश्त करते हुए आवारा किस्म के लडक़ों पर तुरंत कार्रवाई करते हुए युवकों को सबक सिखाया। उप निरीक्षक कमला महिला थाना ने बताया कि वह अपनी पुलिस टीम के साथ कॉलोनी रोड ग्राउंड हॉटस्पॉट सेंटर पर मौजूद थी। जो वहां पर कुछ आवारा किस्म के लडक़े बिना वजह से आवारागर्दी करते रहते है तथा स्कूल/कालेज में पढऩे वाली लड़कियों व अन्य महिलाओं पर फब्तियां कसते हैं जिससे को आने-जाने में परेशानी होती है। जो जो लोगों द्वारा शिकायतें निरंतर मिलने पर वह अपनी टीम के साथ पहुंची तो वहां पर कुछ लडक़े बिना वजह से घुमते दिखाई दिए जिनसे वहां पर घुमने बारे पूछा गया तो वे कोई संतोषजनक जवाब नही दे पाये जिनको चेतावनी देकर उठक बैठक करवाकर छोड़ा गया।

## अतिरिक्त उपायुक्त ने तैयारियों को लेकर की बैठक

# साइक्लोथॉन में भाग लेंगे 10-12वीं के विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया ने शुक्रवार को साइक्लोथॉन रैली को तैयारियों को लेकर अधिकारियों की बैठक ली और उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 25 अप्रैल को साइक्लोथॉन रैली जिला फतेहाबाद में प्रवेश करेगी। इसलिए संबंधित विभाग समय रहते समूचित प्रबंध करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने मार्केट कमेटी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे साइक्लोथॉन रैली के रूट पर साफ सफाई की समूचित व्यवस्था करवाना सुनिश्चित करे। उन्होंने शिक्षा व महिला एवं बाल विकास विभाग को निर्देश दिए कि वे कार्यक्रम स्थल पर रंगोली सहित अन्य सजावट का कार्य करने, लोक निर्माण विभाग को सडक़ों की मरम्मत करने, वन विभाग को पेड़ पौधों की कटाई-छटाई करने, जन स्वास्थ्य विभाग को पानी की समूचित व्यवस्था करने, बिजली विभाग को निर्बाध बिजली आपूर्ति करने, पुलिस विभाग को यातायात व सुरक्षा व्यवस्था के प्रबंध सुनिश्चित करने, रेडक्रॉस सोसायटी को दिव्यांगजनों के लिए साइक्लिंग की व्यवस्था करने तथा खेल विभाग को साइक्लोथॉन रैली में प्रतिभागिता करने वालों के लिए टी-शर्ट आदि की समूचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए।उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि साइक्लोथॉन में ज्यादा से ज्यादा भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कर्मचारियों, विद्यार्थियों तथा खिलाडिय़ों सहित आमजन मानस का पंजीकरण करवाएं।



फतेहाबाद। साइक्लोथॉन रैली की तैयारियों को लेकर अधिकारियों की बैठक लेते एडीसी अनुराग ढालिया।

### एसडीएम ने सिरसा में रूट का लिया जायजा

सिरसा। नशा मुक्त हरियाणा के संदेश को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश भर में साइक्लोथॉन 2.0 का आयोजन किया जा रहा है। डीसी शांतनु शर्मा के निर्देश पर एसडीएम राजेंद्र ने साइक्लोथॉन के रूट और अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान सीटीएम यश मलिक सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। एसडीएम ने आयोजन स्थल, रूट की स्थिति और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी प्रबंध समय पर पूरे किए जाएं। नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने व स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने का लक्ष्य है।





पूरी दुनिया में 700 मिलियन से एक बिलियन कुत्ते हैं।



शुतुरमुर्ग की आंखें उसके मस्तिष्क से भी बड़ी होती हैं।



# स्पेस साइंस में बेहतर करियर के लिए करें ये कोर्स



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

एडवांस्ड टेक्नोलॉजी के कारण आज नए-नए कॅरियर विकल्प युवाओं के लिए खुल रहे हैं, इन्हीं में से एक है स्पेस साइंस। क्या अनंत आकाश आपको अपनी ओर आकर्षित करता है, क्या आपमें ब्रह्माण्ड के रहस्य सुलझाने का जज्बा है, क्या धैर्य और बुद्धि आपके प्लस पॉइंट हैं। यदि हां, तो अंतरिक्ष विज्ञान आपको पुकार रहा है। देश के सैटेलाइट लॉन्चिंग का राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजार में धाक जमने लगी है, जिसके कारण यहां के युवा वैज्ञानियों के के लिए भारतीय व विदेशी अंतरिक्ष विज्ञान के दरवाजे खुलने लगे हैं। इस समय भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो न केवल भारत के उपग्रह अंतरिक्ष में सफलतापूर्वक स्थापित कर रहा है।

## आसमान का संसार

अंतरिक्ष विज्ञान वह शाखा है, जिसके अंतर्गत पृथ्वी से परे करोड़ों ग्रहों, उपग्रहों, तारों, धूमकेतुओं, आकाशगंगाओं एवं अन्य अंतरिक्षीय पिंडों का अध्ययन किया जाता है। इसके अलावा अंतरिक्ष विज्ञान के अंतर्गत उन नियमों एवं प्रभावों का भी अध्ययन किया जाता है, जो इन्हें संचालित करते हैं। अंतरिक्ष विज्ञान में करियर उन हजारों रहस्यों से पर्दा उठाने का अवसर भी होता है, जो अभी तक अनसुलझे हैं। यह न केवल वैज्ञानिक स्वभाव की परीक्षा होती है, बल्कि आपकी जिज्ञासाएं भी स्तर-दर-स्तर शांत होती जाती हैं। इसे अपना करियर चुनने वाले जहां देश के बेस्ट ब्रेन कैटेगरी में शुमार किए जाते हैं, वहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी बुद्धिजीवी के रूप में उनकी विशिष्ट पहचान बनती है।

### क्या है स्पेस साइंस

स्पेस साइंस या स्पेस टेक्नोलॉजी बहुत बड़ा क्षेत्र है। इसके तहत एस्ट्रोनॉमी व एस्ट्रोफिजिक्सए प्रामेट्री एटमॉस्फियर और एयरोनॉमीए अर्थ साइंसेस और सोलर सिस्टम की पढ़ाई आती है। आज के दौर में स्पेस साइंस की कई सब-ब्रांचेज भी हैं। इनमें से मुख्य है कॉस्मोलॉजी, स्टेलर साइंस, प्लेनेटरी साइंस, एस्ट्रोनॉमी, एस्ट्रोलॉजी आदि। साइंस और इंजीनियरिंग की ये शाखाएं अंतरिक्ष के चारों तरफ घूमती हैं।

## जरूरी योग्यताएं

अंतरिक्ष विज्ञान में करियर बनाने के लिए सबसे पहले आपको 11वीं कक्षा में गणित विषय लेना होगा, 12वीं गणित में उत्तीर्ण करने के बाद आपको बीएससी की डिग्री लेनी होगी, जहां आपके विषयों में फिजिक्स एवं गणित भी होना जरूरी है। साइंस से स्नातक होने के बाद आप एस्ट्रोनॉमी थ्योरी या एस्ट्रोनॉमी ऑब्जर्वेशन कोर्स चुन सकते हैं। वहीं मास्टर्स डिग्री के बाद विशिष्ट कोर्सेज में प्रवेश लिया जा सकता है। यदि आप बारहवीं के बाद इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिकल कम्युनिकेशन में बीई करते हैं, तो आप इंस्ट्रूमेंट एस्ट्रोनॉमी या एक्सपेरिमेंटल एस्ट्रोनॉमी के क्षेत्र में करियर बना सकते हैं। इसी दिशा में आगे बढ़ने पर आगे एस्ट्रोनॉमी में पीएचडी भी कर सकते हैं। अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में देश में केवल मास्टर स्तर व पीएचडी प्रोग्राम ही विश्वविद्यालयों में सामान्यत उपलब्ध हैं। वहीं एक वर्षीय ज्वॉइंट एस्ट्रोनॉमी प्रोग्राम इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस, बेंगलुरू चलाती है। यह प्रोग्राम इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एस्ट्रोफिजिक्स, रमण रिसर्च इंस्टीट्यूट और टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च, मुंबई के साथ मिलकर चलाया जाता है। कोर्स की समाप्ति के बाद आपको इन्हीं इंस्टीट्यूट्स में से एक में पीएचडी की भी ऑफर दी जाती है।

### एस्ट्रोनॉट बनने के लिए यह गुण जरूरी

एस्ट्रोनॉट बनने के लिए कई गुण बहुत जरूरी है, उसमें से एक है आकाश में तारों के पैटर्न, उनकी हलचल आदि का अध्ययन करना। यह बहुत लंबा और समय लेने वाला पेचीदा काम है। इसलिए धैर्य इस पेशे का पहला व सबसे जरूरी गुण भी है। वहीं अगली बेहद जरूरी विशेषता आपका जिज्ञासु होना है। इस फील्ड में पूरे आत्मविश्वास और उत्साह से रहस्यमयी प्रश्नों के उत्तर तलाशने होते हैं। आपमें चीजों के प्रति साइंटिफिक एप्रोच के अलावा प्रोग्रामिंग स्किल भी बेहतरीन होनी जरूरी है।

## स्पेस साइंस में ये करियर ऑप्शन

### एस्ट्रोनॉमी

स्पेस सांइस में एक एस्ट्रोनॉमी का कार्य आउटर स्पेस का रिसर्च करना होता है। इसमें सौर मंडल, तारे, आकाशगंगा, ग्रह आदि शामिल होता है। जिस पर ये जमीन से ही रिसर्च कर यहां पर होने वाली विभिन्न घटनाओं का पता लगाते हैं।

### एस्ट्रोनॉट

एस्ट्रोनॉट के बारे में लगभग सभी लोग जानते हैं, ये वो लोग होते हैं, जो अंतरिक्ष में चहलकदमी कर अपने सपनों को पूरा करते हैं। इनका कार्य स्पेस स्टेशन पर रहकर रिसर्च करना है। इन्हें स्पेस स्टेशन में महीनों रहना पड़ता है।

### स्पेस टेक्नोलॉजी

इस फील्ड में स्पेस टेक्नोलॉजी का करियर भी काफी शानदार माना जाता है। इसमें सेटेलाइट, स्पेस स्टेशन, स्पेसक्रॉफ्ट, स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर इक्यूमेंट को डिजाइन करने का कार्य किया जाता है।

### स्पेस इंजीनियरिंग

स्पेस इंजीनियर का सबसे प्रमुख कार्य होता है। ये किसी भी स्पेस अभियान से जुड़े सभी इक्यूमेंट को डिजाइन करते हैं। यहां पर एयरोस्पेस, रोबोटिक्स, मटेरियल साइंस, कंप्यूटर इंजीनियरिंग के साथ ही मैकेनिकल और टेलीकॉम इंजीनियरिंग जैसे कई फील्ड में इंजीनियर कार्य करते हैं।

### स्पेस रिसर्च

इस काफी व्यापक फील्ड माना जाता है। स्पेस रिसर्च में अलग-अलग फील्ड के विशेषज्ञ शामिल होते हैं। जैसे- एस्ट्रोफिजिसिस्ट, बायोलॉजिस्ट, बायोकैमिस्ट और बायोफिजिसिस्ट, जियोलॉजिस्ट और एस्ट्रोबायोलॉजिस्ट। ये सभी अपनी विशेषता के अनुसार कार्य करते हैं।

### स्पेस लॉ

आंतरिक्ष के क्षेत्र से जुड़ी गतिविधियों को नियंत्रित करने वाला लॉ है। इसमें देशों व कंपनियों के बीच समझौतों, संधियों, सम्मेलनों और संगठनों के नियमों की जानकारी हासिल की जाती है। आज के समय में जिस तरह स्पेस में भीड़ बढ़ रही है, उसे देखते हुए स्पेस लॉ में अच्छा करियर ऑप्शन बन सकता है।

### स्पेस टूरिज्म

स्पेस के फील्ड में यह सबसे तेजी से उभरता हुआ फील्ड है। इसमें अब कई नई प्राइवेट कंपनियां आ रही हैं। यहां पर युवाओं के लिए करियर बनाने का शानदार मौका है। आज के समय में स्टेस टूरिज्म के क्षेत्र में वर्जिन गेलेक्टिक, ब्लू ओरिजिन, ओरियन, स्पेसएक्स, ओरियन स्पैन और बोइंग जैसी कंपनियां लगी हुई हैं।

---

हेल्थकेयर एडमिनिस्ट्रेशन के तौर पर भी जाना जाता है इस फील्ड को

# हॉस्पिटल मैनेजमेंट का कोर्स कर कॅरियर को दें नई उड़ान, इस फील्ड में होगी लाखों की कमाई

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

कोरोना महामारी के बाद हेल्थ सेक्टर में कई बड़े बदलाव हुए हैं। साथ ही कॅरियर के तौर पर भी कई ऑप्शन सामने आए हैं। बता दें कि पहले नर्सिंग और एमबीबीएस कर मेडिकल सेक्टर में कॅरियर बनाया जा सकता था। लेकिन अब इस सेक्टर में मेडिकल की डिग्री के बिना भी आप अपना कॅरियर बना सकते हैं। इन्हीं में से एक कॅरियर ऑप्शन हॉस्पिटल मैनेजमेंट का है। हॉस्पिटल मैनेजमेंट को हेल्थकेयर एडमिनिस्ट्रेशन और हेल्थ एडमिनिस्ट्रेशन के तौर पर भी जाना जाता है। इस सेक्टर से जुड़े लोगों के अनुसार, स्वास्थ्य संबंधित सेवाओं के विस्तार के अलावा हॉस्पिटल मैनेजमेंट के क्षेत्र में भी काम बढ़ रहा है। आइए जानते हैं आप कैसे इस सेक्टर में अपना कॅरियर शुरू कर सकते हैं।

## जानिए क्या है हॉस्पिटल मैनेजमेंट



बता दें कि हॉस्पिटल मैनेजमेंट हेल्थ केयर एडमिनिस्ट्रेशन डिपार्टमेंट के क्षेत्र में आता है। इसका काम हॉस्पिटल में सभी व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से चलवाना है। इसके अलावा इसका काम यह सुनिश्चित करना है कि हॉस्पिटल आने वाले मरीजों और वहां काम करने वाले कर्मचारियों को किसी तरह की कोई समस्या ना हो। हॉस्पिटल मैनेजमेंट टीम इन व्यवस्थाओं को सुनियोजित करने का काम भी करती है।

## अहम है यह फील्ड

हॉस्पिटल मैनेजमेंट के तहत हॉस्पिटल में चलने वाली कैंटीन से लेकर लिफ्ट तक का कार्यभार ही आता है। किसी भी संचालन में कमी और अस्पताल में होने वाले हादसों की जिम्मेदारी भी हॉस्पिटल मैनेजमेंट की होती है। एक सर्वे के मुताबिक भारत में साल 2025 तक 10 लाख से ज्यादा हॉस्पिटल मैनेजर्स की जरूरत होगी।

## हॉस्पिटल मैनेजमेंट कोर्स

कई संस्थान हॉस्पिटल मैनेजमेंट में बैचलर की डिग्री देते हैं। यह कोर्स 3 साल का होता है। इसके अलावा आप इसमें प्रोफेशनल कोर्स में मास्टर्स डिग्री भी प्राप्त कर सकते हैं। वर्तमान समय में हॉस्पिटल मैनेजमेंट के कोर्स में एमबीए वालों को प्राथमिकता दी जा रही है। वहीं प्राइवेट संस्थान हॉस्पिटल मैनेजमेंट कोर्स डिप्लोमा सर्टिफिकेट भी देते हैं।

## इस क्षेत्र में काम तेजी से बढ़ रहा



## क्या चाहिए क्वालिफिकेशन

हॉस्पिटल मैनेजमेंट कोर्स करने के लिए स्टूडेंट का 12वीं कक्षा साइंस स्ट्रीम के साथ पास होना आवश्यक होता है। यह कोर्स करने के लिए छात्र के 12वीं में बायोलॉजी में न्यूनतम 50% अंक होने जरूरी है। कुछ शैक्षणिक संस्थान इंटरव्यू और टेस्ट के आधार पर भी इस कोर्स में दाखिला देते हैं।

### यहां से करें हॉस्पिटल मैनेजमेंट कोर्स

अपोलो इंस्टिट्यूट ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन, हैदराबाद

इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल वेलफेयर एंड मैनेजमेंट, कोलकाता

आर्म्ड फोर्सेज मेडिकल कॉलेज, पुणे

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर

एम्स, नई दिल्ली

हॉस्पिटल मैनेजमेंट को हेल्थकेयर एडमिनिस्ट्रेशन और हेल्थ एडमिनिस्ट्रेशन के तौर पर भी जाना जाता है। इसका काम हॉस्पिटल में सभी व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से चलवाना है।

### 40 से 50 हजार रुपये सैलरी

हॉस्पिटल मैनेजमेंट कोर्स करने के बाद उम्मीदवार 40 से 50 हजार रुपये प्रतिमाह कमाने का मौका मिलता है। इसके अलावा सरकारी संस्थान में एक से डेढ़ लाख रूपए महीने की सैलरी उठा सकते हैं। समय और अनुभव बढ़ने के साथ ही सैलरी में भी बढ़ोतरी होती जाएगी। यह एक ऐसा फील्ड है जिसमें आने वाले समय में करियर बनाने के काफी स्कोप है। आज के आधुनिक समय में लोगों को किसी भी बीमारी का सामना करना पड़ता है तो लोग तुरंत हॉस्पिटल में भर्ती होते हैं। कोरोना के दौरान जब लाखों की संख्या में लोग अस्पतालों में भर्ती हुए तो उस समय मैनेजमेंट सिस्टम पूरी तरह चरमरा गया था

---

कर सकते हैं फुल टाइम वर्क भी

# 12वीं के बाद करें गेम डिजाइनिंग का कोर्स, कॅरियर ग्रोथ के साथ मिलेगा लाखों रुपये का पैकेज

**अगर आप भी** 12वीं के बाद किसी ऐसे कोर्स की तलाश में हैं, जहां पर आपके कॅरियर ग्रोथ के साथ अच्छा पैसा कमा सकें। तो बता दें कि आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। क्योंकि आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको एक बेहतरीन कॅरियर आप्शन के बारे में बताने जा रहे हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको गेमिंग इंडस्ट्री के बारे में जरूरी जानकारी देने जा रहे हैं। बता दें कि इस फील्ड में आने के बाद आपको किस तरह का कॅरियर ग्रोथ मिलेगा। इस फील्ड में आने के लिए क्या क्वालिफिकेशन चाहिए होती है, इन सारे सवालों के जवाब आपको इस आर्टिकल में मिलेंगे। ऐसे में अगर आप भी 12वीं के बाद किसी बेहतरीन फील्ड की तलाश में हैं, तो गेमिंग फील्ड आपके लिए एक अच्छा ऑप्शन साबित हो सकता है। वर्तमान समय की बात करें तो देश में गेमिंग इंडस्ट्री में 50,000 से ज्यादा लोग फुल टाइम वर्क कर रहे हैं। जिसमें से 30 फीसदी लोग प्रोग्रामर और डेवलपर के तौर पर काम कर रहे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक साल 2022-23 में यह फील्ड 20-30 प्रतिशत की दर से ग्रोथ करेगा। वहीं इस फील्ड में डायरेक्ट और इनडायरेक्ट तौर पर लाखों की संख्या में जॉब्स पैदा होने की संभावनाएं हैं।

## गेम डिजाइनर

गेम डिजाइनर गेम के कैरेक्टर्स, गेम के लेवल के अलावा तमाम बारीकियों को ध्यान में रखकर उसे इंट्रेस्टिंग बनाने पर फोकस करते हैं। वहीं गेम राइटर डायग्राम आदि बनाकर उसके अलग-अलग वर्जन को तैयार करते हैं। गेम डिजाइनर को टेक्निकल नॉलेज होने के साथ ही सोच में क्रिएटिविटी भी होनी चाहिए। गेम तैयार करने के लिए उसकी डिजाइन, डेवलपर्स, आर्टिस्ट्स और अन्य प्रोफेशनल की टीम एक साथ वर्क करती है।

## क्वालिफिकेशन

- छात्र ने साइंस स्ट्रीम से 12वीं पास किया हो।
- कंप्यूटर और सॉफ्टवेयर की नॉलेज होना जरूरी होता है।
- गेम डिजाइनर बनने के लिए आपकी इंग्लिश भाषा पर अच्छी पकड़ होनी जरूरी है।
- इस फील्ड में आप गेम डिजाइनिंग, गेम डेवलपिंग, आर्ट, एनिमेशन, कंप्यूटर साइंस, कंप्यूटर ग्राफिक्स, इलस्ट्रेशन या मार्केटिंग में बैचलर डिग्री या पेशेवर सर्टिफिकेशन कोर्स कर सकते हैं।

## जरूरी स्किल्स

- गेमिंग फील्ड में कॅरियर बनाने वाले स्टूडेंट्स के पास कैरेक्टर डिजाइन, एनिमेशन, कांसेप्ट आर्ट और विजुअल इफेक्ट की जानकारी होनी चाहिए।
- इस फील्ड में 2 डी गेम डेवलपर्स, 3 डी गेम डेवलपर्स और जावा आदि में अपार संभावनाएं हैं।
- इस फील्ड में डिजाइनिंग के साथ 2डी सॉफ्टवेयर और 3डी मॉड्यूलिंग की नॉलेज होना बहुत जरूरी है।
- ऑडियो इंजीनियर के लिए युवाओं के पास साउंड इंजीनियरिंग और अन्य लैंग्वेज की जानकारी होना बेहद जरूरी है।

## जॉब प्रोफाइल

इस फील्ड में युवा एनिमेटर, क्यूएक टेस्टर, ऑडियो इंजीनियर, गेम डिजाइनर, गेम डेवलपर, सॉफ्टवेयर इंजीनियर और प्रोड्यूसर, मैनेजर्स, कास्टर्स, ईस्पोर्ट्स प्रोफेशनल्स, स्ट्रीमर्स, इंफ्यूएंसर्स के तौर पर अपना कॅरियर बना सकते हैं।

---

# नकली समाचार का खतरा और युवाओं का डिजिटल मंचों की ओर झुकाव



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

आज के डिजिटल युग में सूचना का प्रवाह इतना तेज है कि सही और गलत जानकारी के बीच अंतर करना मुश्किल हो गया है। नकली समाचार, जिसे अंग्रेजी में "फेक न्यूज" कहा जाता है, युवाओं के लिए एक गंभीर खतरा बन चुका है। यह न केवल उनकी सोच को प्रभावित करता है, बल्कि उनकी मानसिक और भावनात्मक स्थिति पर भी असर डालता है। यही कारण है कि आज की युवा पीढ़ी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से दूरी बनाकर डिजिटल मंचों की ओर अधिक आकर्षित हो रही है। इस लेख में हम नकली समाचार के खतरों, युवाओं के इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से दूरी बनाने के कारणों और पढ़ाई में बेहतर करने के लिए प्रेरणा के तरीकों पर चर्चा करेंगे।

## गलत और भ्रामक जानकारी दी जा रही

नकली समाचार का युवाओं पर प्रभाव

नकली समाचार ऐसी जानकारी होती है जो जानबूझकर गलत या भ्रामक होती है। यह सोशल मीडिया, व्हाट्सएप, और अन्य डिजिटल मंचों के माध्यम से तेजी से फैलती है। युवा, जो अपने विचारों को आकार देने के लिए सूचनाओं पर निर्भर रहते हैं, अक्सर ऐसी खबरों का शिकार हो जाते हैं। इसके कुछ प्रमुख प्रभाव हैं:

**गलत धारणाएं बनना:** नकली समाचार युवाओं में गलत विश्वास पैदा करते हैं, जैसे किसी समुदाय, व्यक्ति या घटना के प्रति नफरत या गलत धारणा।

**मानसिक तनाव:** भ्रामक खबरें डर, चिंता और अविश्वास को बढ़ावा देती हैं, जिससे युवाओं का मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित होता है।

**समय की बर्बादी:** ऐसी खबरों को पढ़ने और उन पर बहस करने में युवा अपना कीमती समय खो देते हैं, जो उनकी पढ़ाई और करियर पर असर डालता है।

**सामाजिक विभाजन:** नकली समाचार समाज में विभाजन पैदा करते हैं, जिससे युवा अपनी एकता और सामाजिक मूल्यों को खोने लगते हैं।

**इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से दूरी क्यों?**

इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, जैसे टीवी न्यूज चैनल, अक्सर सनसनीखेज और अतिशयोक्तिपूर्ण खबरें दिखाते हैं। ये खबरें दर्शकों का ध्यान खींचने के लिए बनाई जाती हैं, लेकिन इनमें सच्चाई की कमी होती है।

## टीवी पर एकतरफा कवरेज

**विश्वास की कमी:** युवा न्यूज चैनलों पर भरोसा नहीं करते, क्योंकि उन्हें लगता है कि ये चैनल पक्षपातपूर्ण या प्रायोजित हैं।

**डिजिटल मंचों की स्वतंत्रता:** सोशल मीडिया और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर युवाओं को अपनी पसंद की सामग्री चुनने की आजादी मिलती है, जो उन्हें इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से ज्यादा आकर्षक लगती है।

**सूचना की अधिकता:** डिजिटल मंचों पर युवा कई स्रोतों से जानकारी ले सकते हैं और तुलना कर सकते हैं, जबकि टीवी पर एकतरफा कवरेज मिलता है।

**मनोरंजन का विकल्प:** डिजिटल प्लेटफॉर्म पर मनोरंजन, शिक्षा और समाचार एक साथ उपलब्ध हैं, जो युवाओं को अधिक उपयोगी लगता है।

यहां कुछ तरीके दिए गए हैं, जिनसे युवा खुद को प्रेरित कर सकते हैं:

**लक्ष्य निर्धारित करें:** छोटे और बड़े लक्ष्य बनाएं, जैसे रोजाना एक नया टॉपिक पढ़ना या सप्ताह में एक कौशल सीखना। यह प्रगति का अहसास दिलाएगा।

**सूचना सत्यापन:** हर खबर को बिना जांचे स्वीकार न करें। विश्वसनीय स्रोतों जैसे किताबें, शैक्षिक वेबसाइट्स और विशेषज्ञों की राय पर भरोसा करें।

**समय प्रबंधन:** सोशल मीडिया और न्यूज देखने का समय सीमित करें।

---

## सामान्य ज्ञान

**1.** निम्नलिखित में से उस यंत्र का नाम बताइए जो कम्प्यूटर को टेलीफोन लाइनसे जोड़ता है
(ए) स्कैनर
(बी) मॉडेम
(सी) सी.डी.रोम
(डी) प्रिंटर

**2.** कम्प्यूटर सिस्टम के किस भाग को भौतिक रूप से स्पर्श किया जाता है
(ए) डाटा
(बी) ओएस
(सी) हार्डवेयर
(डी) सोफ्टवेयर

**3.** डॉट मेट्रिक्स किसका एक प्रकार है
(ए) टेप
(बी) डिस्क
(सी) प्रिंटर
(डी) बस

**4.** सीडी-रोम है एक?
(ए) सेमीकंडकटर मेमोरी
(बी) मैग्नेटिक मेमोरी
(सी) मेमोरी रजिस्टर
(डी) इनमे से कोई नही

**5.** एकछोटे सिलिकॉन चिप पर ट्रांजिस्टरों और अन्य इलेक्ट्रोनिक उपकरणों के साथ पोर्न इलेक्ट्रोनिक सर्केट को.....कहते है
(ए) वर्क स्टेशन
(बी) सीपीयू
(सी) मैग्नेटिक डिस्क
(डी) इंटिग्रेटेड सर्किट

**6.** ....कम्प्यूटर को बताती है की इसके उपकरणों का प्रयोग कैसे करण चाहिए
(ए) यूटिलिटी
(बी) नेटवर्क
(सी) एप्लीकेशन
(डी) ओपी

**7.** सी, बेसिक, केबोल और जावा ...... भाषाओं के उदहारण है
(ए) लो लेबल
(बी) कम्प्यूटर
(सी) सिस्टम प्रोग्रामिंग
(डी) हाई लेबल

उत्तर 1.(बी) 2.(सी) 3.(सी) 4.(बी) 5.(डी) 6.(डी) 7.(डी)

## खबर संक्षेप

### बाइक ने इलैक्ट्रिक स्कूटी में मारी टक्कर

**फतेहाबाद।** शहर में डीएसपी रोड पर एक तेजगति मोटरसाइकिल ने इलैक्ट्रिक स्कूटी में टक्कर दे मारी। इस हादसे में स्कूटी सवार बाप-बेटा घायल हो गए। पुलिस को दी शिकायत में शास्त्री नगर फतेहाबाद निवासी नरेश कुमार ने कहा है कि वह लडक़े भरत संग इलैक्ट्रिक स्कूटी पर सवार होकर रविदास चौक से जवाहर चौक की तरफ आ रहा था। गुरू कृपा स्कूल ड्रैस के सामने पहुंचे तो सामने से आ रहे बाइक चालक ने टक्कर दे मारी।

### शाह सतनाम अस्पताल में लगाया चेकअप कैंप

**सिरसा।** शाह सतनाम जी स्पेशलिटी अस्पताल में शुक्रवार को हृदय रोग चेकअप व निवारण शिविर लगाया गया। शिविर में 663 मरीजों की जांच कर उन्हें उचित परामर्श दिया गया। इनमें 310 पुरुषों व 353 महिलाओं की जांच की गई। कैंप के दौरान चिकित्सकों की ओर से मरीजों की हृदय रोग संबंधी जांच के साथ-साथ लैब संबंधी, इको व ईसीजी जांच भी निःशुल्क की गई। इसके अलावा मरीजों को दवाइयां भी फ्री में दी गई।

### एसडीएम ने अनाज मंडी का किया निरीक्षण

**फतेहाबाद।** टोहाना के एसडीएम प्रतीक हुड्डा ने शुक्रवार को अनाज मंडी धारसूल का दौरा कर गेहूं खरीद के लिए किए गए प्रबंधों का जायजा लिया। इस मौके पर एसडीएम ने किसानों, आढ़तियों, मजदूरों से बातचीत की और कहा कि किसानों को फसल बेचने में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से खरीद केंद्रों पर किसानों के लिए अन्य सुविधाओं के पुख्ता प्रबंध करने के निर्देश दिए।

### टीचर के घर दिनदहाड़े चोर हाथ साफ कर गए

**फतेहाबाद।** शहर की भाटिया कॉलोनी में दिनदहाड़े चोर एक टीचर के घर में घुस गए। चोरों ने वहां से सोने-चांदी के जेवर, 12 हजार की नकदी, इलेक्ट्रॉनिक आइटम सहित हजारों का अन्य सामान चोरी कर लिया और रफूचक्कर हो गए। दोपहर 12.30 बजे बाद घर पर बेटी के लौटने पर परिवार के सदस्यों को चोरी के बारे में पता चला। बाद में मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। फिंगर प्रिंट विशेषज्ञ ने भी तथ्य जुटाए।

### फैक्ट्री से चोर हजारों का सामान लेकर फरार

**सिरसा।** ऐलनाबाद में रिलायंस पेट्रोल पंप के साथ लगती श्री बालाजी अलमारी एंड ट्रंक हाऊस से चोर हजारों का सामान चोरी कर ले गए। गांव मैहनाखेड़ा निवासी राकेश ने बताया कि 7 अप्रैल को फैक्ट्री में सुबह करीब पौने 8 बजे तीन महिलाएं एक बच्चे के साथ फैक्ट्री की दीवार फांदकर अंदर घुसी और सभी औजार, अलमारी में लगने वाले हैंडल चोरी कर ले गई।

### बाइक सवार हेरोइन सहित किया काबू

**सिरसा।** सीआईए सिरसा पुलिस टीम ने गश्त व चेकिंग के दौरान एनएच 9 गांव पतली डाबर क्षेत्र से बाइक सवार युवक को 10 ग्राम 15 मिलीग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए सिरसा पुलिस टीम के प्रभारी उप निरीक्षक प्रेम कुमार ने बताया कि थाना की एक पुलिस टीम गश्त व चैकिंग के दौरान एनएच 9 गांव पतली डाबर क्षेत्र में मौजूद थी। फतेहाबाद की ओर से बाइक सवार युवक आता दिखाई दिया। युवक पुलिस को देखकर अचानक घबरा गया।

### जिला व उपमंडल स्तर पर लोक अदालत 10 को

**फतेहाबाद।** राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण, पंचकूला के निर्देशानुसार जिला न्यायालय परिसर फतेहाबाद व उपमंडल न्यायालय परिसर रतिया और टोहाना में 10 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जाएगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी गायत्री ने बताया लोक अदालत में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से केसों के निपटारे के लिए आवेदन किया जा सकता है।

## स्कॉर्पियो की टक्कर से युवक की मौत

# ग्रामीणों ने स्पीड ब्रेकर की मांग को लेकर लगाया जाम

ग्रामीण जिला प्रशासन से भी मिल चुके, अधिकारियों ने कोई संज्ञान नहीं लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जिला के गांव फरवाई कला में स्कॉर्पियो की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। शुक्रवार को शव का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। जानकारी के अनुसार फरवाई कलां निवासी कृष्ण कुमार का बेटा सुनील बीती देर शाम को दुकान से सब्जी लेकर वापस घर आ रहा था। इसी दौरान सरदुलगढ़ की तरफ से आ रही एक स्कॉर्पियो गाड़ी ने उसके बेटे को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में सुनील गंभीर रूप से चोटिल हो गया है। इसके बाद सुनील को नागरिक अस्पताल में पहुंचाया, जहां कुछ देर बाद सुनील ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने मृतक के पिता की शिकायत पर अज्ञात गाड़ी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उधर, घटना के विरोध में ग्रामीणों ने शुक्रवार को रोड जाम कर दिया। ग्रामीणों की मांग है कि सडक़ पर ब्रेकर बनाएं जाए, ताकि हादसों को रोका जा सके। रोड जाम की सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों का समझा बुझाकर शांत किया। ग्रामीणों ने बताया कि ब्रेकर न होने के कारण वाहन की गति तेज होती है, जिस कारण कई बार दुर्घटनाएं हो चुकी है। उनकी मांग है कि गांव के पास सडक़ पर ब्रेकर बनाएं जाए। ब्रेकर की मांग को लेकर ग्रामीण जिला प्रशासन से भी मिल चुके हैं, लेकिन संबंधित अधिकारियों द्वारा कोई संज्ञान नहीं लिया गया है।



सिरसा। ओढ़ां से नुहियांवाली सड़क मार्ग पर डाला हुआ पत्थर। फोटो : हरिभूमि

### ओढां-नुहियांवाली सडक़ निर्माण कार्य अधर में लटकने के कारण हो रही है दुर्घटनाएं

**ओढां।** ओढ़ां से नुहियांवाली जाने वाली सडक़ के कार्य का शिलान्यास हुए करीब 2 वर्ष का समय बीतने होने को है, लेकिन फिर भी अधर में लटका सडक़ का कार्य लोगों के लिए परेशानी का कारण बन रहा है और यह कार्य तीसरी बार अधर में छोड़ा गया है। स्थिति यह है कि सडक़ पर कहीं पत्थर बिछाकर छोड़ दिए गए, तो कहीं से सडक़ उखाडक़र छोड़ दी गई। इसकी वजह से हर रोज दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है। यह सडक़ हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड की ओर से बनाई जानी है। इसका शिलान्यास तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने 14 मई 2023 को किया था। करीब सवा चार किलोमीटर लंबी इस सडक़ को चौड़ा एवं सदृढ़ किया जाना है। नुहियांवाली के पूर्व सरपंच रामकुमार नेहरा ने बताया कि सडक़ की स्थिति बेहद खराब है। इसे जगह-जगह से उखाडक़र और पत्थर डालकर छोड़ दिया गया। बड़े वाहनों के टायरों से उछलकर पत्थर बराबर से गुजर रहे लोगों को लगते हैं। पिछले लंबे समय से लोग परेशान हो रहे हैं। विभागीय अधिकारियों से मांग है कि इस कार्य को शीघ्र पूरा करवाएं ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। वाहन चालक मदन लाल, धर्मपाल, अमित, बंशी लाल आदि का कहना है कि इससे अच्छा तो पहले ही सडक़ ठीक थी।

# हर्षोल्लास से स्वामी अचलानन्द गिरि का जन्मोत्सव मनाया

- कृष्ण भूटानी ने भजनों से गुरुजी की महिमा का गुणगान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

ब्रह्मलीन स्वामी अचलानन्द गिरि महाराज का अवतरण दिवस शुक्रवार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। श्रद्धालु सुमन मित्तल ने बताया कि स्वामी अचलानंद ने सदैव अपने प्रवचनों में लोगों को आध्यात्मिक रूप से व धर्म के प्रति जागरूक करने के साथ जरूरतमंदों की सेवा पर भी जोर दिया। उन्होंने बताया कि स्वामीजी का जन्मोत्सव कार्यक्रम राजेश मल्होत्रा के आवास के सामने स्थित पार्क में मनाया गया। इस अवसर पर भजन सम्राट कृष्ण भूटानी भजनों द्वारा गुरुजी की महिमा का गुणगान किया गया। स्वामी जी के अनुयायियों ने बढ़ चढक़र कार्यक्रम में भाग लिया। कृष्ण भूटानी के टीम के साथ समारोह स्थल पर पहुंचने पर आयोजकों ने माल्यार्पण से अभिनंदन किया। कृष्ण भूटानी ने गीतों के माध्यम से जन्मोत्सव पर अपनी प्रसन्नता जताई। इसके अतिरिक्त नाम सुमिरन की महिमा के बारे में बताया।




सिरसा। ब्रह्मलीन स्वामी अचलानन्द गिरि महाराज का अवतरण दिवस मनाते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

### लक्ष्मण दास ने पुश्तैनी जमीन दी गोसेवा में दान

**सिरसा।** जिला के गांव नुहियांवाली में विद्युत विभाग से सेवानिवृत होने के बाद लक्ष्मण दास देमीवाल ने गोसेवा में सराहनीय योगदान देते हुए अपनी पुश्तैनी जमीन गोसेवा में दान कर दी है। नुहियांवाली गोशाला के प्रधान प्रहलाद नेहरा ने बताया कि वैसे तो ग्रामीण गोसेवा में सराहनीय योगदान निभा रहे हैं, लेकिन लक्ष्मण दास का नाम प्रमुख गोसेवकों में शामिल है। उन्होंने बताया की लक्ष्मण दास ने गांव मलिकपुरा में स्थित अपनी पुश्तैनी भूमि 3 कनाल 5 मरले भूमि को गौशाला के नाम कर को गौशाला को दान स्वरूप दी है। पहले भी वे गोसेवा में हर वर्ष अपनी पेंशन से लाखों की राशि दान स्वरूप गौसेवा में दान कर चुके है।

## पुलिस अधीक्षक ने किया थाने का औचक निरीक्षण, दिए सख्त निर्देश

- सभी लंबित अभियोग का समय सीमा के अंदर निदान करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ओढां

पुलिस अधीक्षक डबवाली सिद्धांत जैन ने शहर थाना का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। पुलिस अधीक्षक थाना के रिकॉर्ड का निरीक्षण कर जांच की। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने प्रभारी थाना शहर को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि थाना में आने वाले शिकायतकर्ता से सहयोग और सम्मान पूर्वक व्यवहार कर उनकी बातों को ध्यान से सुनें। अदालत से जुड़े मामलों के त्वरित निष्पादन करने व अन्य मामले में शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करें। उन्होंने अपराध नियंत्रण के लिए अपने अपने क्षेत्र में पुलिस गश्त के फेरो में बढ़ोतरी करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने थाना में लंबित अभियोग के निष्पादन को लेकर अनुसंधानकर्ताओं को निर्देशित करते कहा कि सभी लंबित अभियोग का समय सीमा के अंदर निदान करें और अनुसंधानकर्ता के साथ प्रभारी थाना भी घटना स्थल पर जाए। थाना परिसर में साफ सफाई रखने के निर्देश दिए।

## छत से ईंट फेंककर हमला, अब एससी/एसटी एक्ट जोड़ा

**भूना।** गांव बैजलपुर में पानी छिडक़ने के विवाद में राष्ट्रीय मजदूर एकता पार्टी की राष्ट्रीय सचिव रितु देवी पर छत से ईंट फैंककर हमला करने के मामले में पुलिस ने एफआईआर में अब एससी/एसटी एक्ट की धाराएं जोड़ दी हैं। यह हमला 17 फरवरी को हुआ था। रितु देवी गंभीर रूप से घायल हुई थी। पुलिस ने 26 फरवरी को दो महिलाओं सहित पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। इनमें ईश्वर सिंह, उसकी पत्नी सुमन, बेटा अजय कुमार उर्फ भारथू, राहुल और दर्शना देवी के नाम शामिल हैं। दो महिलाओं सहित तीन आरोपियों की पुलिस ने जमानत ले ली थी।



घायल रीतु की फाइल फोटो।

पीड़िता का आरोप है कि बैजलपुर के पूर्व सरपंच शमशेर सिंह रंगा ने मामले में मध्यस्थता कर एससी/एसटी एक्ट नहीं लगने दिया। शमशेर सिंह रंगा पर आरोप है कि उन्होंने तत्कालीन एसएचओ के नाम पर ईश्वर सिंह से राहुल और अजय को केस से बाहर निकालने के लिए 10 हजार रुपये की मांग की। ईश्वर सिंह ने इसकी शिकायत हिसार विजिलेंस को दी। विजिलेंस टीम ने रिकॉर्डिंग के आधार पर 17 मार्च को शमशेर सिंह रंगा को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। पीड़िता ने दो दिन पहले पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी से मिलकर मामले की दोबारा जांच की मांग की।

### जाखल अस्पताल का औचक निरीक्षण

**फतेहाबाद।** सिविल सर्जन डॉ. कुलप्रतिभा व डिप्टी स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. लाजवंती ने शुक्रवार को जिले के जाखल के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने विभाग के लैब, मेडिकल स्टोर सहित वार्ड में मरीजों से भी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली गई। इस मौके पर जाखल के एसएमओ राजेश क्रांति सहित अस्पताल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुलप्रतिभा ने कहा कि आज जाखल में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया गया है, जिसमें अस्पताल में साफ सफाई व मरीजों से बातचीत की गई है। इसके साथ ही अस्पताल में तैनात चिकित्सा अधिकारी व कर्मियों की ड्यूटी पर मौजूदगी चेक की है।

# उलटे झाड़ू लेकर सड़कों पर उतरे नप कर्मचारी

- ठेकेदार पर शोषण का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

प्रशासन के उदासीन रवैये से खफा नगरपरिषद फतेहाबाद के कर्मचारियों ने नगरपालिका कर्मचारी संघ के आह्वान पर शुक्रवार को उलटे झाडू लेकर शहर में रोष प्रदर्शन किया। इस दौरान कर्मचारियों ने सरकार व जिला प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर उनकी समस्याओं के समाधान की मांग की। इससे पूर्व नगरपरिषद कार्यालय में विरोध सभा हुई जिसकी अध्यक्षता इकाई प्रधान विजय ढाका ने की व संचालन इकाई कोषाध्यक्ष वीरू रत्ति ने किया। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कर्मचारी नेता राजा राम चौहान व अमित गिल ने कहा कि जिलेभर की पांचों इकाईयों फतेहाबाद, टोहाना, रतिया, भूना व जाखल के कर्मचारी तीन दिनों तक विरोध गेट मीटिंग कर प्रशासन तक अपनी आवाज पहुंचाने की कोशिश की लेकिन अधिकारी कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर गंभीर नहीं है। अधिकारियों की शह पर ठेकेदार कर्मचारियों का जमकर शोषण कर रहा है और अधिकारी कुंभकर्णी नींद में सोये हुए हैं। इसको लेकर शनिवार को भी कर्मचारी उलटे झाडू लेकर प्रदर्शन करेंगे। कर्मचारी नेता रमेश तुषामढ़ ने कहा कि शहर की बढ़ती आबादी के हिसाब से 350 से अधिक सफाई कर्मचारियों की जरूरत है लेकिन इसके आधे कर्मचारियों पर शहर की साफ-सफाई का बोझ लाद दिया गया है।



फतेहाबाद। उलटे झाडू लेकर प्रदर्शन करते नगरपरिषद कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### कर्मचारी नेता बोले

कर्मचारी नेताओं ने बताया कि सफाई कर्मचारी के परिवार में अगर कोई अनहोनी हो जाती है और वो ड्यूटी से छुट्टी ले तो उसे नौकरी से हटा दिया जाता है। तीन दिन से फतेहाबाद, टोहाना, रतिया, भुना व जाखल के कर्मचारी गेट मीटिंग कर रहे हैं लेकिन प्रशासन उनकी कोई सुध नहीं ले रहा। प्रदर्शन के बाद भी अगर प्रशासन उनकी सुनवाई नहीं करता तो नगर पालिका कर्मचारी संघ की शनिवार को जिला इकाई की मीटिंग करके बड़े आंदोलन का ऐलान करेगा जिसकी जिम्मदारी फतेहाबाद जिला प्रशासन की होगी। इस अवसर पर सर्व कर्मचारी संघ के ब्लाक प्रधान राजपाल मित्ताथल, नरेश राणा, सत्यवान टाक, रंजना, शकुन्तला, संजू, धीरज, सतपाल परिहार, पवन चिंडालिया सहित काफी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

### दो लाख 94 हजार 881 मीट्रिक टन से अधिक हुई गेहूं की आवक

**सिरसा।** जिला की अनाज मंडियों में गेहूं और सरसों की खरीद का कार्य जारी है, अब तक दो लाख 94 हजार 881 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हो चुकी है। डीएफएससी मुकेश कुमार ने बताया कि जिला की विभिन्न मंडियों व खरीद केंद्रों में खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 29 हजार 752 हजार मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा एक लाख 99 हजार 769 मीट्रिक टन तथा हरियाणा राज्य भंडारण निगम द्वारा 65 हजार 360 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। साथ ही जिला की अन्य मंडियों में भी गेहूं व सरसों की खरीद भी जारी है। उन्होंने बताया कि जिला की सभी मंडियों में फसल खरीद के लिए पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। पानी, बिजली व शौचालय आदि सुविधाओं के सुचारू रूप से उपलब्ध करवाने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

## 200 रुपये प्रति क्विंटल का बोनस दें

- विधायक बलवान ने फतेहाबाद व धांगड़ मंडी का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया ने आज फतेहाबाद व धांगड़ की अनाजमंडी का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने यहां व्यापारियों व किसानों से मुलाकात की तथा उनकी समस्याएं भी जानी। निरीक्षण के दौरान विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया ने असुविधाओं पर सरकार के प्रति नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के बीच किसान, मजदूर और व्यापारी कड़ी मेहनत कर रहे हैं। ऐसे में सरकार को उनकी सुविधाओं का ध्यान रखना चाहिए, लेकिन मंडियों में ना तो पीने की पानी की पर्याप्त व्यवस्था है ना ही बिजली की व्यवस्था है। शौचालयों की हालात भी ठीक नहीं है। इतना ही नहीं मंडियों में फसल खरीद को लेकर सरकार का पोर्टल सिस्टम भी बिल्कुल फेल है। दौलतपुरिया ने कहा कि सरकार की अनदेखी के कारण खरीद एजेंसियां धीमी गति से उठान करवा रही है। गेहूं की समय पर खरीद व उठान ना होने से गेंहू खुले में मण्डी व सडक़ों पर पड़ी है। विधायक ने कहा कि सरकार को अपने वायदे के अनुसार गेहूं की खरीद, उठान व भुगतान 48 घंटे में करना चाहिए।



फतेहाबाद। गेहूं खरीद का निरीक्षण करते विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया।

### चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

**फतेहाबाद।** पिछले कई दिनों से शांत नगरपरिषद के कर्मचारी शुक्रवार को फिर अतिक्रमण हटाने बाजारों में उतरे। कर्मचारियों ने शहर के मुख्य बाजारों में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया । अभियान की शुरुआत जीटी रोड पर फायर ब्रिगेड कार्यालय के आसपास बनी दुकानों से की गई। टीम के अभियान को देखकर दुकानदारों में हडकंच मच गया और नगरपरिषद कर्मचारियों को देखकर दुकानदारों ने खुद ही दुकान के बाहर रखा सामान अंदर कर लिया। इस दौरान दुकानदारों को हिदायत दी गई कि वह अतिक्रमण न करें क्योंकि इससे जाम जैसी स्थिति बनती है। लोगों को परेशानी भी झेलनी पड़ती है।

## भूना में शहीद भगत सिंह चैरिटेबल लैब का उद्घाटन

- सस्ती जांच सुविधा मिलेगी

**भूना।** शहरवासियों को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य जांच सेवाएं देने के उद्देश्य से शुक्रवार को शहीद भगत सिंह चैरिटेबल डायग्नोस्टिक लैबोरेट्री का उद्घाटन किया गया। भारत विकास परिषद, भूना शाखा द्वारा संचालित यह लैब नो लॉस-नो प्रॉफिट आधार पर कार्य करेगी। यह लैब डॉ.दीपक बंसल डेंटल हॉस्पिटल के बेसमेंट में शुरू की गई है। इसका उद्घाटन आज पूर्व विधायक दुड़ाराम ने किया। भाजपा जिला महामंत्री जगजीत हुड्डा विशेष अतिथि के रूप में मंच पर मौजूद रहे। कार्यक्रम अध्यक्ष केके अरोड़ा ने बताया कि भारत विकास परिषद देशभर में चैरीटेबल अस्पताल, लैब और विकलांग सहायता केंद्र चला रही है। भूना शाखा द्वारा संचालित यह लैब समाजसेवा के उद्देश्य से शुरू की गई है। भूना शाखा अध्यक्ष डॉ दीपक बंसल ने बताया कि यह लैब 2015 से जनहित में कार्यरत थी। मौके पर भारत विकास परिषद के क्षेत्रीय संगठन मंत्री जियालाल बंसल, कैलाश शर्मा, जितेंद्र तूर, राकेश गर्ग, बालकृष्ण गिरधर, कुलदीप शर्मा, शाखा सचिव सुनील कंबोज, आत्म प्रकाश, विनोद चुघ, नंदलाल कंबोज, मुकेश चुघ सुभाष मलिक, अरुण सेठी, पूर्व उपाध्यक्ष हंसराज सिंगला आदि मौजूद रहे,

## अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकथाम पर किया विमर्श

- बाल विवाह की रोकथाम के लिए निरंतर अभियान चलाए जा रहे

**सिरसा।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आगामी 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया के अवसर पर संभावित बाल विवाहों पर रोक को लेकर शुक्रवार को दसवीं पातशाही श्री गुरु गोबिंद सिंह गुरुद्वारा कमेटी के सदस्यों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में गुरुद्वारा के ग्रंथी साहब भी उपस्थित रहे। बाल विवाह निषेध अधिकारी रेखा अग्रवाल ने बताया कि बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत देश को बाल विवाह की सामाजिक बुराई से मुक्त कराना लक्ष्य है। इसके लिए आमजन को बाल विवाह से संबंधित कानूनों की जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है ताकि वे इस कुप्रथा के खिलाफ आवाज उठा सकें। उन्होंने कहा कि अक्सर ऐसे आयोजनों में बाल विवाह के मामले सामने आते हैं। समय से पहले विवाह विशेष रूप से लड़कियों के स्वास्थ्य, शिक्षा और समग्र विकास पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। जिले में बाल विवाह की रोकथाम के लिए निरंतर अभियान चलाए जा रहे हैं और टीमों द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि अक्षय तृतीया के दिन बड़ी संख्या में शादियां होती हैं, और ऐसे में बाल विवाह की आशंका भी ज्यादा है। शादी से पहले यह सुनिश्चित करें कि लडक़ी की आयु 18 वर्ष या अधिक और लडक़े की आयु 21 वर्ष या अधिक हो।

**आह्वान** जेसीडी विद्यापीठ में एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित

# वास्तविक शिक्षा करती है एक अच्छे इंसान व समाज का निर्माण: डॉ. धर्माणी

डिजिटल संसाधनों का उपयोग करके भविष्य के शिक्षकों को कैसे तैयार कर सकते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जेसीडी विद्यापीठ में एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी विषय 'शिक्षा, फार्मेसी, इंजीनियरिंग, प्रबंधन, विज्ञान और मानविकी में नवीन प्रौद्योगिकी का एकीकरण' का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि पहुंची उद्घाटन सत्र में बतौर मुख्यातिथि चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय भिवानी की वाइस चांसलर डॉ. दीप्ति धर्माणी कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है जोकि बिल्कुल भी गलत नहीं है। यह इस बात से काफी अच्छी तरह स्पष्ट हो जाता है कि यूनिवर्सिटी और कॉलेज अपने कोर्सेज को आसान और किफायती बनाने के साथ-साथ व्यापक रूप से अपने कोर्सेज अधिक से अधिक छात्रों को उपलब्ध करवाने के विकल्प तलाश रहे हैं। अध्यापन कोई स्थिर व्यवसाय नहीं है बल्कि प्रौद्योगिकी, सदैव बदलते ज्ञान, वैश्विक अर्थशास्त्र के दबावों और सामाजिक दबावों से प्रभावित होकर बदलता रहता है। डॉ. दीप्ति धर्माणी ने नैतिक मूल्यों और हमारी संस्कृति को समाज की प्रगति का आधार बताते हुए विद्यार्थियों से इन मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया।



सिरसा। संगोष्ठी को संबोधित करते वक्ता। फोटो : हरिभूमि

### स्वदेशी सिस्टम विकसित करने की चुनौती

डॉ. जयप्रकाश ने सर्वप्रथम कहा कि अपने देश की परिस्थिति, जीवन मूल्यों, और अपनी संस्कृति को समझते हुए एक स्वदेशी सिस्टम विकसित करने की चुनौती हमारे सामने है। उन्होंने संगोष्ठी के उद्देश्यों के बारे में कहा कि यह राष्ट्रीय संगोष्ठी विशेषज्ञ को एक मंच प्रदान करेगा जहां वे अपने-अपने क्षेत्रों में गहराई से विचार-मंथन करेंगे। इस राष्ट्रीय संगोष्ठी में इस बात पर भी चर्चा होगी कि हम विभिन्न डिजिटल संसाधनों का उपयोग करके भविष्य के शिक्षकों को कैसे तैयार कर सकते हैं और वे विभिन्न डिजिटल उपकरणों का उपयोग करके छात्रों को शिक्षा कैसे देते हैं।

## खबर संक्षेप

### क्रेटा की टक्कर से बाइक सवार मिस्त्री घायल

**फतेहाबाद।** गांव ढाण्ड के समीप एक क्रेटा गाड़ी ने मोटरसाइकिल में टक्कर दे मारी। इस हादसे में बाइक सवार चिनाई मिस्त्री घायल हो गया। उसे उपचार के लिए अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया है। इस मामले में भट्टूकलां पुलिस ने केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव ढाण्ड निवासी चेतराम ने कहा है कि उसका भाई संतलाल चिनाई का काम करता है। गत दिवस संतलाल मोटरसाइकिल पर सवार होकर गांव बड़ोपल में काम के लिए गया था। शाम को उसे सूचना मिली कि संतलाल जब मोटरसाइकिल पर बड़ोपल से वापस गांव ढाण्ड आ रहा था तो हिसार रोड पर दारा सिंह सहु की ढाणी के पास एक क्रेटा गाड़ी ने उसके मोटरसाइकिल में टक्कर दे मारी है जिससे संतलाल को काफी चोटें आई है।

### टाऊन पार्क के बाहर से मोटरसाइकिल चोरी

**फतेहाबाद।** वाहन चोरों ने टोहाना में टाऊन पार्क के बाहर से एक मोटरसाइकिल चोरी कर लिया। इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में बाजीगर मोहल्ला, टोहाना निवासी महिला कान्ता देवी ने कहा है कि गत दिवस वह अपने लडक़े मोनू के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर किसी काम से बाजार गई थी। उन्होंने अपने मोटरसाइकिल को हिसार रोड स्थित टाऊन पार्क के बाहर खड़ा किया और पार्क में चले गए। कुछ देर बाद जब वह वापस आई तो उसने देखा कि वहां से उसका मोटरसाइकिल गायब था।

### कष्ट निवारण मंत्र जाप 20 अप्रैल को

**रतिया।** गुरु शक्ति सेवार्थ ट्रस्ट द्वारा कष्ट निवारण भजन संध्या का आयोजन 20 अप्रैल को रतिया में शाम 6 से 10 बजे तक किया जाएगा। इस भजन संध्या में महामंडलेश्वर साध्वी शक्तिपुरी शिरकत करेंगी और अपने प्रवचनों से लोगों को निहाल करेंगी। गुरु शक्ति सेवार्थ ट्रस्ट के प्रधान तीर्थ गर्ग ने बताया कि मानव शरीर की विभिन्न बीमारियों को दूर करने के लिए एक विशेष तरह का धार्मिक कार्यक्रम 20 अप्रैल को अग्रवाल धर्मशाला में होगा। धार्मिक कार्यक्रम के तहत कष्ट निवारण मंत्र जाप भजन संध्या होगी, जिसमें श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर साध्वी शक्ति पुरी वैदिक मन्त्रों से शरीर के कष्टों को दूर करने के बारे में अपने प्रवचनों से श्रद्धालुओं को अवगत कराएगी। प्रधान तीर्थ गर्ग ने बताया कि इस अवसर पर अटूट लंगर भी बरता जाएगा।

### राहगीरों से लूट का प्रयास, केस दर्ज

**फतेहाबाद।** शहर में भट्टू रोड पर स्थित पूर्व विधायक दुड़ाराम की कोठी के पास वीरवार रात को बदमाशों ने खूब दहशत मचाई। बाइक पर सवार होकर आए दो हथियारबंद युवकों ने जमकर बदमाशी दिखाई। इन्होंने नुकीले हथियार के बल पर राहगीर से लूटपाट की भी कोशिश की। बाद में सूचना पाकर शहर थाना प्रभारी ओमप्रकाश अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और बदमाशों का पता लगाने का प्रयास किया।

### हेरोइन व डोडा पोस्त सहित तीन आरोपी पकड़े

**डबवाली।** सीआईए कालांवाली पुलिस ने जगमालवाली से 18 ग्राम 29 मिलीग्राम हेरोइन सहित आरोपी जगजीत सिंह निवासी देसुमलकाना को पकड़ा है। सीआईए कालांवाली सब इंस्पेक्टर अरविंद कुमार ने बताया कि सहायक सब इंस्पेक्टर मनोहर लाल अपनी पुलिस पार्टी के साथ गश्त पर थे। इसी दौरान महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर असीर रोड जगमाल वाली से युवक को काबू कर उसके कब्जे से हैरोइन चिट्टा बरामद किया। एक अन्य मामले में एएनसी स्टाफ ने तेजा खेड़ा से एक युवक को 3 किलोग्राम डोडा चूरापोस्त, बाइक सवार को पकड़ा है। आरोपी की पहचान सुनील वार्ड नंबर 9 ढाबा संगरिया हनुमानगढ़ के रुप में हुई है। दोनो मामलों में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत अभियोग दर्जकर कार्रवाई की है। एएनसी प्रभारी इंस्पेक्टर जगराज ने कहा कि मामले में कड़ी कार्रवाई करेंगे।

# राकेश सर्वसम्मति से चुने गए एसो. प्रधान

- हरियाणा मास्टर वर्ग एसोसिएशन के चुनाव में सर्वसम्मति

**हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद**


**फतेहाबाद।** मास्टर वर्ग एसोसिएशन की नई चुनी गई कार्यकारिणी।

हरियाणा मास्टर वर्ग एसोसिएशन जिला फतेहाबाद की बैठक में त्रिवार्षिक चुनाव कर नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में संरक्षक रामकुमार, पूर्व राज्य उपप्रधान रामेश्वर वर्मा मताना ने विशेष तौर पर भाग लिया। मुख्य चुनाव पर्यवेक्षक बलवंत सिंह और चुनाव पर्यवेक्षक अश्वनी कम्पानी, पूर्व प्रधान की देखरेख में नई कार्यकारिणी का चुनाव किया गया। बैठक में सर्वप्रथम वित्त सचिव हरि सिंह ने पिछले तीन सालों का लेखा-जोखा एसोसिएशन सदस्यों के सामने रखा। इसके बाद पूर्व पदाधिकारियों द्वारा इस्तीफा सौंपा गया। सदस्यों ने पूर्व प्रधान राकेश रेल्हन द्वारा किए गए कार्यों की सराहना करते हुए सदस्यों ने उन्हें दोबारा जिला अध्यक्ष चुनने पर सहमति जताई। इसके अलावा सतेन्द्र कुमार को वरिष्ठ उपप्रधान, नरेश कुमार को महासचिव, सीताराम चौहान को वित्त सचिव, राधेश्याम को प्रैस सचिव, महेश कुमार को उपप्रधान चुना गया जबकि विकास कुमार, सुरेश कुमार, नरेश पिलानियां भूना को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। नई कार्यकारिणी को पूर्व राज्य उपप्रधान रामेश्वर मताना ने पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। उन्होंने नई कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए आशा जताई कि नई कार्यकारिणी अध्यापक हितों को लेकर इमानदारी से काम जारी रखेगी।

### अधिकारियों से समस्याओं का समाधान करवाएंगे

जिला संयोजक रामकुमार ने नवनिर्वाचित प्रधान राकेश रेल्हन व उनकी टीम को बधाई देते हुए कहा कि वह अध्यापकों की समस्याओं को अधिकारियों के सामने रखकर उनका समाधान करवाने में तत्पर रहेंगे। जिला प्रधान राकेश रेल्हन ने अपनी नियुक्ति पर एसोसिएशन सदस्यों का आभार जताया और कहा कि उन्हें जो जिम्मेवारी सौंपी गई है, वह पूरी निष्ठा व इमानदारी से काम करेंगे और सभी सदस्यों को साथ लेकर उनकी समस्याओं के समाधान को लेकर प्रयासरत रहेंगे।

# प्रियंका चुनी गई मिस फेयरवेल

- कार्यक्रम में अजय बने मिस्टर फेयरवेल

**हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा**


**सिरसा।** विदाई पार्टी में विभिन्न खिताबों से नवाजी गए विद्यार्थी प्राचार्या के साथ।

नेशनल कॉलेज ऑफ एजुकेशन महाविद्यालय में शुक्रवार को विदाई समारोह दी गई। बीएड प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा बीएड द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों को तिलक लगाकर उनका अभिनन्दन किया गया। प्राचार्या डॉ. पूनम मिगलानी ने कहा कि सच्ची लगन और मेहनत के साथ कार्य करने पर सफलता अवश्य ही प्राप्त होती है। सर्वप्रथम बीएड प्रथम वर्ष की छात्राध्यापिकाओं रिया व पलक ने मंच संचालन किया। बीएड प्रथम वर्ष के छात्राध्यापकों ने ढोल की धुन पर नृत्य किया। मंजू, पूनम, प्रियंका ने नृत्य प्रस्तुति दी। सुलोचना, कविता, मंजरी, सिमरन, रजनी ने भी नृत्य प्रस्तुति दी। द्वितीय वर्ष के छात्राध्यापकों ने रैंप वॉक किया। बीएड द्वितीय वर्ष के छात्रों ने विभिन्न गानों, मिमक्ररी, कविताएं, चुटकलों व शेरो-शायरी के द्वारा पार्टी में चार चांद लगा दिए। लखविंद्र, पारूल, पूनम व प्रियंका ने बॉलीवुड के विभिन्न गानों पर अपनी प्रस्तुति दी। लवदीप, विकास व अजय ने कविता गायन किया। प्रथम वर्ष के छात्रों ने द्वितीय वर्ष के छात्रों से कप हैड चैलेंज गेम एक अनोखे ढंग से करवाई जिसमें ज्योति ने जीत दर्ज की। द

### जेएनवी, खारा खेड़ी में संकुल व संभाग स्तरीय खेल प्रतियोगिता

# प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने से बढ़ता है आत्मविश्वास

**हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद**


**फतेहाबाद।** जेएनवी खारा खेड़ी में खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ करते एडीसी अनुराग ढालिया। *फोटो: हरिभूमि*

पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, खारा खेड़ी में तीन दिवसीय संकुल स्तरीय करनाल संकुल, एथलेटिक्स मीट तथा संभाग स्तरीय आर्चरी ट्रायल्स जयपुर संभाग का आयोजन करवाया गया। अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर करनाल संकुल का ध्वज फहराकर संकुल और संभाग स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया। उन्होंने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभागिता कर रहे विद्यार्थी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उनका हौसला बढ़ाया।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार की खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ करना न केवल खेलों के महत्व को बढ़ावा देता है, बल्कि विद्यार्थियों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और टीम भावना को भी प्रोत्साहित करता है। प्रतियोगिताओं में भाग लेने से छात्रों में आत्मविश्वास और एकजुटता का विकास होता है। इस दौरान एडीसी ने विद्यालय प्रांगण में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधारोपण भी किया। प्राचार्य अनूप सिंह ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की छात्राओं ने कालबेलिया नृत्य, लिलिपुट डांस, पंजाबी डांस, हरियाणवी डांस, एकल गायन व एकल नृत्य प्रस्तुत किए।

इस संकुल स्तरीय एथलेटिक्स मीट में करनाल संकुल के 16 अलग-अलग विद्यालयों की कुल 82 छात्राओं तथा संभाग स्तरीय आर्चरी ट्रायल्स में जयपुर संभाग के 13 अलग- अलग विद्यालयों के कुल 51 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभागिता की। तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिताओं में एथलेटिक्स मीट में 3000 मीटर, 1500 मीटर, 800 मीटर, 600 मीटर, 400 मीटर, 100 मीटर व 80 मीटर दौड़, लंबीकूद, जैवलीन थ्रो, डिस्कस थ्रो, हैमर थ्रो, ट्रिपल जंप, ऊंची कूद तथा शॉटपुट आदि खेलों की प्रतिस्पर्धाएं हुई। आर्चरी ट्रायल्स में अंडर 14, 17 और 19 वर्ग के बालक-बालिकाओं की 20, 30, 40 और 50 मीटर दूरी के इवेंट्स हुए। समापन समारोह के दौरान विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में अलग-अलग स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल्स तथा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### अधिकारी व शिक्षक रहे मौजूद

इस अवसर पर उप प्राचार्या कुसुम गुप्ता, वरिष्ठ अध्यापक अखिलेश कुमार अग्रवाल, विजयपाल, शंभु दयाल, श्रीश कुमार, बीना शर्मा, राजेश कुमार सिवाच, विजय पाल, सुंदर प्रकाश कौशिक, सुदेश, संदीप कुमार सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ तथा विद्यार्थी मौजूद रहे।

# बनावाली का शैक्षणिक भ्रमण किया

- विश्व धरोहर दिवस पर डीएवी पुलिस स्कूल के छात्रों ने किया ऐतिहासिक साइट का दौरा

**हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद**


**फतेहाबाद।** विश्व धरोहर दिवस पर बनावाली का भ्रमण करते डीएवी पुलिस स्कूल के विद्यार्थी। *फोटो: हरिभूमि*

विश्व धरोहर दिवस पर आज पुलिस लाइन स्थित डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने फतेहाबाद के गांव बनावाली में उत्खन्न स्थल का दौरा किया। इस भ्रमण में कक्षा 11वीं और 12वीं के कला संकाय के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को अपने ऐतिहासिक और सास्कृतिक धरोहर के संरक्षण के लिए जागरूक करना रहा।

गांव बनावाली एक महत्वपूर्ण सिंधु घाटी सभ्यता स्थल है, छात्रों को यहां प्राचीन शहरी नियोजन, मिट्टी के बर्तन और कलाकृतियों की झलक दिखाई गई। इस यात्रा ने उनकी भारतीय विरासत और इतिहास की समझ को समृद्ध किया, और कक्षा में सीखने को वास्तविक जीवन की खोज से जोड़ा। विद्यालय के प्राचार्य अरूण शर्मा ने विद्यार्थियों को रवाना करते हुए कहा कि हमारे देश में ताजमहल, कुतुब मीनार, अजंता-एलोरा, खजुराहो, हम्पी और कई अन्य विश्व धरोहर स्थल मौजूद हैं। ये स्थल हमें हमारे गौरवशाली अतीत से जोड़ते हैं।

# जागरूकता शिविर का आयोजन

- हेलन केलर स्कूल में नालसा योजना के तहत लगा शिविर

**हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा**


**सिरसा।** शिविर में बच्चों को जागरूक करते वक्ता। *फोटो: हरिभूमि*

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा शुक्रवार को स्थानीय हेलन केलर स्कूल में नालसा (मानसिक बीमारी वाले व्यक्तियों और बौद्धिक दिव्यांग व्यक्तियों के लिए कानूनी सेवाएं) योजना, 2024 के अंतर्गत जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य मानसिक रूप से बीमार एवं बौद्धिक रूप से दिव्यांग व्यक्तियों को उनके अधिकारों एवं उपलब्ध कानूनी सहायता के प्रति जागरूक करना था। शिविर के दौरान डिप्टी एलएडीसी वंदना मोंगा एवं पैरा लीगल वॉलिंटियर विनोद कुमार ने स्कूल स्टाफ तथा उपस्थित बच्चों से बातचीत की और उनकी समस्याएं जानी। इस दौरान उपस्थितजनों को नालसा टोल फ्री नंबर 15100 के बारे में भी जानकारी दी गई, ताकि वे आवश्यकता पडऩे पर निशुल्क कानूनी सहायता प्राप्त कर सकें। डिप्टी एलएडीसी वंदना मोंगा एवं पैरा लीगल वॉलिंटियर विनोद कुमार द्वारा बच्चों को फल भी वितरित किए गए।

# प्रवीन जोड़ा का किया अभिनंदन

- सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल में भाजपा नेता सम्मानित

**हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद**


**फतेहाबाद।** भाजपा जिलाध्यक्ष का अभिनंदन करते सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल मैनेजमेंट कमेटी। *फोटो: हरिभूमि*

मॉडल टाउन स्थित सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल मैनेजमेंट द्वारा भाजपा के नवनियुक्त प्रधान प्रवीन जोड़ा का अभिनंदन किया गया। फतेहाबाद एजुकेशन सोसाइटी के प्रधान डॉ. नीरज शर्मा ने प्रवीण जोड़ा को बुके भेंट कर व वरिष्ठ सदस्य एनडी मित्तल एडवोकेट व पूर्व प्रधान गुलबहार सिंह रिटोल ने भाजपा अध्यक्ष को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया।

प्रधान डॉ. नीरज शर्मा ने कहा कि स्कूल के विकास के लिए यह सुखद घटना है कि हमारा ही एक वरिष्ठ सदस्य भाजपा का जिला प्रधान बना है। चूंकि प्रवीन जोड़ा जी स्कूल मैनेजमेंट के मौजूदा उपाध्यक्ष भी हैं इसलिए उन्हें स्कूल की समस्याओं व मांगों का अच्छी तरह पता है, इसलिए उनसे अपेक्षाएं भी ज्यादा है। भाजपा जिला प्रधान प्रवीन जोड़ा ने कहा कि उनकी इच्छा है कि ट्रस्ट का यह स्कूल आसपास के जिलों में स्थित अन्य ट्रस्टों के स्कूलों की तरह फिर से अपना गौरव हासिल करे। बैठक को कोषाध्यक्ष विजय मोंगा, सहसचिव सुखदेव कालापीला, मोहन लाल जुनेजा व निरंजन गोयल ने भी संबोधित किया। इस मौके पर पदाधिकारी मौजूद रहे।

# शिविर में बच्चों को करवाया योगाभ्यास

- गुरुकुल वेद मंदिर मताना में कैंप का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद**


**फतेहाबाद।** गुरुकुल वेद मंदिर मताना में योगाभ्यास करवात योग सहायक।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 की तैयारियों को लेकर योग हरियाणा योग आयोग और आयुष विभाग के तत्वाधान में गुरुकुल वेद मंदिर, मताना में जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. प्रवीण शर्मा के निर्देशानुसार व जिला योग कोर्डिनेटर डॉ. अजीत के मार्गदर्शन में जिला योग विशेषज्ञ अंबिका पांटा के नेतृत्व में आयुष योग सहायकों की टीम के साथ मिलकर चार दिवसीय योग कैंप का आयोजन किया गया।

गुरुकुल के सुनील शास्त्री ने इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान आयुष योग सहायक सोनू रानी, शारदा देवी, जन्नत कुमार व पवन कुमार कड़वासरा ने सूक्ष्म व्यायाम, प्राणायाम, आसन, सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया। उल्लेखनीय है कि आयुष विभाग द्वारा जिले में इस तरह के चार कैंप लगाए गए हैं जिसमें गर्भवती महिलाओं, बच्चों, विकलांग व्यक्तियों व वृद्धजनों के लिए विशेष क्रियाएं करवाई जा रही है। यह कैंप योग दिवस की पूरी तैयारी हेतू लगाए जा रहे हैं। कार्यक्रम में गुरुकुल वेद मंदिर के सभी विद्यार्थियों ने भाग लिया।

# एसबीआई ने प्रबंधकों को किया सम्मानित

**हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा**

भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय ने शुक्रवार को सभी शाखा प्रबंधकों का अभिनंदन समारोह संकल्प आयोजित किया। मुख्य प्रबंधक हर्ष वधवा ने सभी शाखा प्रबंधकों व क्षेत्राधिकारियों को वित्तीय वर्ष 2024-25 में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए बधाई दी। मुख्य प्रबंधक आशीष अग्रवाल ने सभी शाखा प्रबंधकों को आगामी वित्तीय वर्ष में किसानों से जुड़ी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए मार्गदर्शन किया। मुख्य प्रबंधक जितेन्द्र गुप्ता ने बैंकिंग क्षेत्र से जुड़े विभिन्न रिस्क के बारे में जागरूक किया व सभी प्रकार की सतर्कता बरतने के लिए प्रेरित किया। प्रबंधक यशिका मेहता व प्रदीप श्योराण ने अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों द्वारा सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन दीपिका सूर्यकांत ने किया। कार्यक्रम के अंत में सभी बैंक अधिकारियों ने आगामी वित्तीय वर्ष में और भी बेहतर कार्य करने का संकल्प लिया। मानव संसाधन प्रबंधक सतीश कुमार चंद्र ने आए हुए सभी अतिथियों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम में सीता राम, अमित पन्नू, सुरेश दहिया, हितैषी, कामेश वर्मा, बलजीत राम, भूषण सिंगला, अनूप कलवानिया, गौरव शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

### जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण ने बैजलपुर में लगाया मेगा कैंप

# 608 लोगों ने योजनाओं के लिए किया आवेदन

**हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद**



**फतेहाबाद।** गांव बैजलपुर में आयोजित मैगा कैंप में भाग लेते नागरिक।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के अध्यक्ष दीपक अग्रवाल के दिशा निर्देशन में जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की ओर से शुक्रवार को पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बैजलपुर में मेगा कैंप आयोजित किया गया। इस मेगा कैंप में गांव बैजलपुर व आसपास के गांवों के 608 नागरिकों ने विभिन्न सरकारी सेवाओं व योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन किया। इस कैंप को लेकर लोगों में काफी उत्साह नजर आया। कैंप के दौरान विभिन्न विभागों की ओर से स्टॉल लगाई गई जिसमें कर्मचारियों द्वारा लोगों को योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। इस मेगा कैंप में जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की ओर से पैनल अधिवक्ता कमलेश वशिष्ठ, दर्शना देवी व सुनीता द्वारा हेल्पडेस्क लगाया गया। इस पर लोगों को साइबर अपराध से बचाव व साइबर अपराध ग्रस्त लोगों को कानूनी सहायता बारे जागरूक किया गया। कैंप में नागरिकों के अधिकार तथा उनके कर्तव्य के बारे में भी जानकारी दी गई। इस मौके पर अधिकारी मौजूद रहे।

### बुकलेट तथा पंपलेट भी वितरित किए

इस अवसर पर प्राधिकरण द्वारा चलाई जा रही विभिन्न प्रकार की गतिविधियों से संबंधित बुकलेट तथा पंपलेट भी वितरित किए गए। कैंप में जिला समाज कल्याण व कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, रेडक्रॉस सोसायटी, आयुष विभाग, बिजली विभाग सहित अन्य विभागों ने स्टॉल लगाकर सरकार द्वारा प्रदान की जारी सेवाओं बारे नागरिकों को जानकारी दी। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग व आयुष विभाग द्वारा नागरिकों के स्वास्थ्य की निशुल्क जांच कर उन्हें दवाईयां वितरित की गई। मेगा कैंप में ग्राम सरपंच हेमंत बैजलपुरिया, दयानंद ओला, रामस्वरूप, रघुवीर, सुनील, वजीर सिंह, प्रवीण कुमार सहित संबंधित विभाग के कर्मचारी व ग्रामीण मौजूद रहे।